Regarding railway related issues

श्री अनिल फिरोजिया **(उज्जैन) :** माननीय सभापति जी, ट्रेन में पहले जो चाय कुल्हड़ में दी जाती थी, अब वह डिस्पोजल ग्लास में दी जा रही है । माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आत्मनिर्भर भारत की बात कही है । मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन है कि वे चाय को फिर से कुल्हड़ में दिलवाने का कष्ट करें, ताकि हमारे जो मिट्टी के छोटे लघु उद्योग वाले हैं, उनको आर्थिक लाभ हो सके ।